आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 08.04.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- केन्द्र सरकार ने चालू खरीफ सीजन के लिए फॉस्फेटिक और पोटेशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को मंजूरी दी।

- लोक निर्माण विभाग ने पंद्रह फोरलेन सड़कों के निर्माण के लिए सात सौ आठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि मंजूर की।

- छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल से शुरू होगा पोषण पखवाड़ा।

- **और**

- प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर गरज—चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना।

............

**<u>मंत्रिमंडल—निर्णय</u>**

केन्द्र सरकार ने चालू खरीफ सीजन के लिए फॉस्फेटिक और पोटेशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में आज सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस पर लगभग

इकतालीस हजार पांच सौ चौंतीस करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्यों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।

**कृषि मंत्री–बैठक**

प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि खाद की जमाखोरी या अधिक कीमत पर बिक्री करने वालों को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेष में उर्वरकों की कमी नहीं होगी और सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह सजग है। रायपुर में अधिकारियों की बैठक में खरीफ की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देष दिए गए हैं। पांच से बीस मई तक "विकसित भारत संकल्प अभियान" चलाया जाएगा, जिसमें किसानों को आधुनिक खेती और वैकल्पिक उर्वरकों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि पिछले वर्ष डीएपी की आपूर्ति में आई बाधाओं को देखते हुए इस बार एनपीके, एसएसपी और अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना**

आज प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के ग्यारह वर्ष पूरे हो गए हैं। यह योजना वर्ष दो हजार पंद्रह में शुरू हुई थी। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक चालीस लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के लगभग अंठावन करोड़ ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से दो तिहाई ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना युवाओं में स्व–रोजगार को बढ़ावा देने में बहुत मददगार साबित हुई। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस योजना की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जब लोगों को सही अवसर मिलते हैं, तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक

छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पर राज्यपाल रमेन डेका ने कल हस्ताक्षर कर दिए। अब इसका राजपत्र में प्रकाषन होगा। इसके बाद यह कानून बन जाएगा। यह विधेयक विधानसभा के पिछले सत्र में पारित किया गया था। इसमें धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त प्रावधान किए गए है। अब धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति को प्राधिकृत अधिकारी के सामने आवेदन देना होगा। इस विधेयक के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने के मामले में दोषी पाए जाने पर सात से दस साल तक कि कैद और पांच लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अगर पीड़ित नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति– जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या आदिवासी वर्ग से हो तो सजा बढ़कर दस से बीस साल और दस लाख रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, सामूहिक धर्मांतरण के मामले में सजा दस साल से लेकर आजीवन कारावास तक और पच्चीस लाख रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

## फोरलेन सड़क–राशि

लोक निर्माण विभाग ने पंद्रह फोरलेन सड़कों के निर्माण के लिए सात सौ आठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि मंजूर की है। इस राशि से दुर्ग, रायगढ़, रायपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर, जशपुर और कबीरधाम जिले में कई मार्गों पर लगभग नब्बे किलोमीटर फोरलेन सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरूण साव ने कहा है कि फोरलेन सड़कों का विस्तार केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार भी तैयार करता है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच विकास को नई गति मिलेगी।

## पोषण पखवाड़ा

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय कल से देशभर में पोषण पखवाड़े के आठवें संस्करण का आयोजन करेगा। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का विषय – जीवन के पहले छह वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोषण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक स्वस्थ बच्चा ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर मां और बच्चे के लिए संपूर्ण पोषण सुनिश्चित करने का एक जन आंदोलन है।

इधर, छत्तीसगढ़ में नौ से तेईस अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श, अन्नप्राषन और गोदभराई जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देते हुए पोषण व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने पर विषेष ध्यान दिया जाएगा। राज्य स्तर पर विभिन्न विभागों को कार्ययोजना बनाकर अभियान में सक्रिय भागीदारी के निर्देष दिए गए हैं।

## अफ्रीकन स्वाइन फीवर

दुर्ग जिले के मुडपार–नारधा गांव स्थित एक सूअर पालन केंद्र में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि होने के बाद संक्रमित सूअरों को नष्ट कर दिया गया है।

इस बीमारी से अब तक कई सूअरों की मौत हो चुकी है। पषुपालन विभाग ने इस बीमारी की जांच के लिए सैंपल भोपाल स्थित उच्च सुरक्षा पषु रोग प्रयोगषाला में भेजे थे, जहां रिपोर्ट पॉजिटिव आई। अधिकारियों के अनुसार यह एक वायरल बीमारी है, जो केवल सूअरों में फैलती है और इसका कोई इलाज नहीं है। प्रषासन ने संबंधित फार्म को सील कर आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है।

## मुख्य सचिव–आई–गॉट ट्रेनिंग कार्यक्रम

प्रदेश के मुख्य सचिव विकासशील ने सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों से मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आई–गॉट ट्रेनिंग कार्यक्रम से अपने विभाग को अनिवार्य रूप से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को भी अपने मोबाइल के जरिये ट्रेनिंग कार्यक्रम से जुड़ने को कहा है। आई–गॉट प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत साधना सप्ताह के मौके पर सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## विपश्यना ध्यान शिविर

छत्तीसगढ़ में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए मानसिक तनाव कम करने और कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देष्य से राज्य शासन ने विषेष अवकाष की व्यवस्था की है। सामान्य प्रषासन विभाग के अनुसार अब अधिकारी–कर्मचारी विपष्यना के दस दिवसीय आवासीय ध्यान षिविर में भाग लेने के लिए विषेष आकस्मिक अवकाष ले सकेंगे।

अखिल भारतीय सेवा सहित राज्य सेवा के कर्मचारियों को पूरे सेवाकाल में अधिकतम छह बार यह अवकाष मिलेगा।

## बारहवीं हिन्दी–परीक्षा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निरस्त की गई कक्षा बारहवीं की हिंदी विशिष्ट विषय की परीक्षा दस अप्रैल को दोबारा होगी। हिन्दी विषय की परीक्षा बीते तेईस मार्च को हुई थी, जिसे प्रश्न पत्र लीक होने के बाद निरस्त कर दिया गया था। मंडल ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थियों के रोल नंबर और परीक्षा केंद्र में किसी

भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। सभी विद्यार्थी पूर्व निर्धारित रोल नंबर और परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षा देंगे। सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**भाजपा–अभियान**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर के नानगुर मंडल के ग्राम जामावाड़ा में 'गांव चलो–घर चलो' अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

भाजपा द्वारा सात से बारह अप्रैल तक 'गांव चलो–बस्ती चलो' अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने बताया कि इस अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारी, मंत्री, सांसद और विधायक चयनित गांवों में जाकर लोगों से सीधा संपर्क कर रहे हैं और लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

**अमिता श्रीवास–माउंट एवरेस्ट**

जांजगीर–चांपा जिले की युवा पर्वतारोही अमिता श्रीवास कल नौ अप्रैल को माउंट एवरेस्ट अभियान के लिए काठमांडू रवाना होंगी। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, जांजगीर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताया है।

गौरतलब है कि अमिता श्रीवास ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि वे इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश भी देंगी। अमिता श्रीवास वर्ष दो हजार इक्कीस में अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो को फतह कर चुकी हैं।

**मौसम**

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

**संक्षिप्त समाचार**

– मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति और जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट आवासीय संस्थानों के चयन के लिए तेईस अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

– संघ लोक सेवा आयोग की सीडीएस और एनडीए परीक्षाएं बारह अप्रैल को रायपुर जिले के विभिन्न केंद्रों में आयोजित की जाएंगी। सीडीएस परीक्षा तीन पालियों में और एनडीए परीक्षा दो पालियों में होगी।

– मुंगेली जिले के विभिन्न गांवों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के रिक्त पदों के लिए तेईस अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

और

– जांजगीर–चांपा जिले के केराकछार, चाम्पा, हथनेवरा और पिपिरदा गांव में खनिज का अवैध परिवहन करते हाइवा और ट्रैक्टर सहित वाहन जब्त किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>